सेंटर फॉर बिहेवियरल साइंस एण्ड न्यूरो लैब का उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट गुड़गांव ने २१ फरवरी २०२४ को ब्रांडस्केप्स एमडीआई सेंटर फॉर बिहेवियरल साइंस एण्ड न्यूरो लैब का उद्घाटन किया, जो भारतीय मैनेजमेन्ट रीसर्च एवं एजुकेशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि है।

महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण से प्रेरित बिहेवियरल साइंस एण्ड न्यूरोलैब, न्यूरोसाइन्टिफिक एवं बिहेवियरल सिद्धान्तों पर आधारित बहु-आयामी अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लैब के महत्व पर रोशनी डालते हुए प्रोफेसर अरविंद सहाय, डायरेक्टर, एमडीआई गुड़गांव ने कहा, ''एमडीआई गुड़गांव में ब्रांडस्केप्स सेंटर फॉर बिहेवियरल साइंस एण्ड न्यूरो लैब का उद्घाटन करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। बिहेवियरल साइंस के टूल्स ने हमें मनुष्य के व्यवहार के मूल्यांकन में सक्षम बनाय है, जिससे अधिक प्रभावी हस्तक्षेपों और नीतियों में मदद मिलती है।